# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला(कांगड़ा)–176215

No.:HPBOSE-G/19/CONDUCT-I/367233/2026- 5591 दिनांकः 29/08/2026

## "अधिसूचना"

अधिसूचना क्रमांकः–HPBOSE-G/19/CONDUCT-I/367233/2026-5588 दिनांकः–21-08-2026 के क्रम को जारी रखते हुए दिनांक 17-09-2026 को प्रदेश के विभिन्न जिला/उपमण्डलों में सम्बन्धित जिलाधीशों द्वारा सैर/सायर उत्सव के दृष्टिगत स्थानीय अवकाश घोषित होने के कारण राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) के आठवीं, दसवीं और बारहवीं कक्षा के परीक्षार्थियों की पूर्ण विषय/री–अपीयर/श्रेणी सुधार/विशेष अंक सुधार/अतिरिक्त विषय की परीक्षा तिथियों में निम्नप्रकार से आंशिक संशोधन किया जा रहा है :–

| क्रमांक | कक्षा | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1. | आठवीं (रा०मु०वि०) | 16.09.2026 से 24.09.2026 | प्रातः कालीन सत्र 9:45 से अपराह्न 01:00 बजे तक। |
| 2. | दसवीं (रा०मु०वि०) | 16.09.2026 से 28.09.2026 | प्रातः कालीन सत्र 9:45 से अपराह्न 01:00 बजे तक। |
| 3. | जमा दो (रा०मु०वि०) | 16.09.2026 से 06.10.2026 | प्रातः कालीन सत्र 9:45 से अपराह्न 01:00 बजे तक। |

प्रदेश के विभिन्न जिला/उपमण्डलों में सम्बन्धित जिलाधीशों द्वारा सैर/सायर उत्सव के दृष्टिगत स्थानीय अवकाश घोषित होने के कारण आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षा की दिनांक 17-09-2026 को पूर्व निर्धारित परीक्षा का आयोजन दिनांक 16-09-2026 किया जाएगा।

**राज्य मुक्त विद्यालय (SOS) के दसवीं एवं बारहवीं कक्षाओं के परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षाएं (Practical Examinations) दिनांक 08-10-2026 से 17-10-2026 तक आंतरिक रूप से सभी राजकीय/सम्बद्धता प्राप्त विद्यालयों में स्थापित अध्ययन केन्द्रो में सम्बन्धित विषय के अध्यापक/प्रशिक्षक द्वारा स्थल पर ही प्रश्न पत्र सैट करवाकर संचालित करवाई जाएंगी।**

मार्च 2026 में आयोजित करवाई गई दसवीं/बारहवीं कक्षाओं की परीक्षा के ऐसे नियमित परीक्षार्थी जिनका परीक्षा परिणाम, पुनर्मूल्यांकन/पुर्ननिरिक्षण उपरान्त कम्पार्टमैंट/अनिवार्य सुधार घोषित हुआ है, को बोर्ड द्वारा विशेष परीक्षा का अवसर प्रदान किया गया है। उनकी परीक्षाऐं भी उपरोक्त दिनांक सूची अनुसार ही आयोजित करवाई जाएंगी।

उपरोक्त के अतिरिक्त नियमित आठवीं कक्षा के ऐसे परीक्षार्थी जो दिनांक 10-07-2026 को प्रदेश में भारी वर्षा के कारण सम्बन्धित जिलाधीशों द्वारा घोषित अवकाश के दृष्टिगत् परीक्षा नहीं दे पाए थे, की परीक्षाएं भी उपरोक्त दिनांक सूची अनुसार ही आयोजित करवाई जाएंगी।

-हस्ता०-
**सचिव**

पृष्ठाकंन संख्याः यथोपरि/

उपरोक्त की प्रति संशोधित दिनांक सूची सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतू प्रेषित हैः–

1. सचिव(शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–171002.
2. निदेशक, निदेशालय स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश, शिमला।
3. रजिस्ट्रार, हि०प्र० विश्वविद्यालय, शिमला–171005।
4. समस्त उप निदेशक, उच्चतर/स्कूल शिक्षा, हिमाचल प्रदेश।
5. अतिरिक्त/उप/सहायक सचिव, हि०प्र०स्कूल शिक्षा बोर्ड।
6. समस्त् अनुभाग अधिकारी, मैट्रिक/ जमा दो शाखा को यह निर्देश भी दिए जाते हैं कि यदि किसी परीक्षार्थी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा विशेष अवसर परीक्षा हेतू स्वीकृति प्रदान की गई है, तो सम्बन्धित परीक्षार्थी एवं सम्बन्धित विद्यालय को किसी भी माध्यम से उपरोक्त अनुसार दिनांक सूची बारे अवगत करवाऐं।
7. अनुभाग अधिकारी, पेपर सैटिंग/संचालन-।।/रा०मु०वि० दसवीं/ रा०मु०वि० जमा दो को इस निर्देश सहित कि उक्त परीक्षाओं से सम्बंधित समस्त कार्य समय पर पूर्ण करने बारे वांछित कार्यवाही कर ली जाये।
8. अनुभाग अधिकारी, आई०टी० सैल को उक्त अधिसूचना बोर्ड वैबसाईट पर अपलोड करने बारे।
9. निजी सहायक, अध्यक्ष/सचिव, हि०प्र०स्कूल शिक्षा बोर्ड।
10. समस्त जिला प्रवन्धक/प्रभारी, पुस्तक वितरण एवं मार्गदर्शन केन्द्र, हि०प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड।
11. कनिष्ट सहायक, लोक सम्पर्क अधिकारी कार्यालय, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड।
12. रक्षक संचिका।

सचिव